दिन– मंगलवार  दिनांक– 29/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।  अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद मौजूदा सुरक्षा हालात को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

02. कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

03. प्रदेश में असामयिक बारिश और ओलावृष्टि के कारण कई जिलों में व्यापक फसल क्षति को लेकर कृषि विभाग ने जिलाधिकारियों को आकलन रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश।

04. और, समस्तीपुर के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल में विस्फोटक पारी को लेकर खेल प्रेमियों सहित अलग–अलग क्षेत्रों से बधाइयों का सिलसिला जारी।

---

पहलगाम आतंकी हमले के बाद उत्पन्न हालात को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा सेनाओं–सीडीएस के प्रमुख अनिल चौहान के अलावा थल सेना, वायु सेना और नौ सेना के प्रमुखों ने भाग लिया।

---

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार द्वारा बड़े स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूदा स्थिति को लेकर बैठक कर रहे हैं।

———बाइट———

---

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लिखे अलग–अलग पत्रों में दोनों नेताओं ने

आग्रह किया है कि राष्ट्रीय एकता और संकल्प को प्रदर्शित करने के लिए दोनों सदनों का विशेष सत्र जल्द से जल्द बुलाया जाए। श्री खरगे ने कहा कि ऐसे समय में जब एकता और एकजुटता जरूरी है, संसद सत्र से राष्ट्र की सामूहिक इच्छाशक्ति की सशक्त अभिव्यक्ति होगी। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी संसद का विशेष सत्र बुलाए जाने की मांग का समर्थन किया है।

———————————————————————

इधर, भाजपा ने संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग करने पर कांग्रेस की आलोचना की है। पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नई दिल्ली में मीडिया से कहा कि कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे को पहले यह बताना चाहिए कि आतंकी हमले पर कांग्रेस का सामूहिक संकल्प क्या है।

———बाइट———

कांग्रेस पार्टी का कलेक्टिव रिजोल्व क्या है इस पूरे पहलगाम आतंकी हमले पर वो देश को बताना चाहिए। क्योंकि एकतरफ तो ऑल पार्टी मीटिंग में कांग्रेस पार्टी के लोग आते हैं कहते हैं हम देश के साथ हैं और दूसरी ओर हम देखते हैं कि इनके सबसे बड़े नेता सिद्धारमैया जी बोलते हैं पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए, संतोष लाड़ बोलते हैं इंडस का पानी क्यों बंद किया जा रहा है। सैफुद्दीन शोज़ और तारिक अर्रा कहते हैं कि पाकिस्तान से बातचीत करो, इनके अन्य नेता जो हैं पाकिस्तान से दोष हटाकर भारत पर ही दोष डालते हैं।

———————————————————————

कांग्रेस द्वारा अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए साझा की गई एक तस्वीर पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। आज नई दिल्ली में पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस महत्वपूर्ण समय में ऐसे पोस्ट के जरिए देश को कमजोर करने की कोशिश कर रही है।

———बाइट———

जो पाकिस्तान का इरादा है, मकसद है, वो कभी पूरा नहीं होगा। लेकिन उसी तरह की एक तस्वीर यहां पे प्रधानमंत्री जी के लिए की जाती है। कांग्रेस कह रही है पाकिस्तान हम तुम्हारे साथ हैं तुम चिंता ना करो और एक मजबूत संदेश देने का प्रयास करो।

———————————————————————

कांग्रेस की ओर से आज पटना में तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सदाकत आश्रम से बांसघाट तक निकाली गई इस यात्रा में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता इसमें शामिल हुए।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा है कि विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए को पूरी सतर्कता से निर्णय लेना चाहिए। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत पक्की है। उन्होंने शाहाबाद क्षेत्र के लिए लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेकर नई रणनीति बनाने की सलाह दी है।

---

सीपीआई माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के नतीजे के बाद महागठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार तय किया जाएगा। श्री भट्टाचार्य ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अगर महागठबंधन को बहुमत आता है, तो सबसे बड़े दल का नेता हमारा मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा कि इसमें किसी को संशय नहीं है।

---

राज्य के नवगठित नगर निकायों में कार्यालय संचालन को सुचारू और व्यवस्थित करने के उद्देश्य से नगर विकास और आवास विभाग ने प्रशासनिक भवन तथा नगर सरकार भवन बनाने की योजना को स्वीकृति देनी शुरू कर दी है। विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने आज राज्य के एक सौ बीस नए नगर निकायों में से पंद्रह निकायों में प्रशासनिक भवन के निर्माण का आदेश जारी  कर दिया है। इसमें तीन पुराने नगर परिषद– तेघड़ा, बलिया एवं शिवहर भी शामिल हैं, जिनके पास अभी तक अपना कार्यालय भवन उपलब्ध नहीं था।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि प्रदेश में अगले तीन महीने के दौरान सत्ताईस हजार से अधिक आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा। श्री पांडेय ने राज्य स्वास्थ्य समिति में समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभा के माध्यम से जबकि शहरी क्षेत्रों में वार्ड ईकाइयों के माध्यम से आशा कार्यकर्ताओं का चयन किया जाएगा।

---

उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने हाल के दिनों में प्रदेश के विभिन्न भागों में तेज आँधी, असामयिक बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को हुई क्षति का आकलन करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। श्री सिन्हा ने कहा कि फसल क्षति से प्रभावित किसानों को हर संभव मदद दी जायेगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में मक्का, गेहूँ, गर्मा मूंग, उड़द, तिल, मुंगफली, पान, अरहर, सब्जी, केला, प्याज समेत कई अन्य बागवानी फसलों की क्षति हुई है। ये नुकसान अप्रैल के दूसरे सप्ताह में अधिक हुआ है। उप मुख्यमंत्री ने सभी जिला पदाधिकारियों से फसल क्षति का प्रतिवेदन उपलब्ध कराने को कहा है। इधर, सुपौल, नालन्दा, समस्तीपुर, गया, मधुबनी, नवादा, मधेपुरा और बेगूसराय द्वारा उनचास सौ हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में तैंतीस प्रतिशत से अधिक फसल क्षति की रिपोर्ट आयी है। इसके लिए आठ करोड उनतालीस लाख से अधिक की क्षति पूर्ति का अनुरोध किया गया है। आपदा प्रबंधन विभाग से उक्त राशि की माँग की गई है। श्री सिन्हा ने बताया कि राशि प्राप्त होने पर प्रभावित किसानों को डी. बी. टी. के माध्यम से कृषि इनपुट अनुदान योजना के अन्तर्गत फसल क्षति की पूर्ति की कार्रवाई प्रारम्भ कर दी जाएगी।

---

कालबैशाखी के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में आंधी–बारिश और वज्रपात की स्थितियां बनी हुयी है। मौसम विभाग ने आज पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, खगड़िया, मुंगेर, गया और नवादा समेत राज्य के पंद्रह जिलों में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्कता बरतने की अपील भी की है। अपने पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने कहा है कि दो मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की परिस्थितियां बन रही हैं। जिसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में पुरवैया हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

---

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में समस्तीपुर के वैभव सूर्यवंशी के शानदार प्रदर्शन को लेकर पूरे प्रदेश में खुशी की लहर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैभव की शानदार कामयाबी पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए दस लाख रूपये नकद ईनाम की घोषणा की है। श्री कुमार ने वैभव से फोन पर बातचीत की और बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि वैभव की सफलता से पूरा बिहार गौरवान्वित अनुभव कर रहा है। गौरतलब है कि वैभव ने कल आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते

हुए गुजरात टाईटन्स के खिलाफ एक सौ एक रन की विस्फोटक पारी खेलकर टी–ट्वेंटी क्रिकेट में इतिहास रच दिया। चौदह साल के वैभव आईपीएल क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए हैं। वैभव ने कहा कि आगे भी इसी तरह की पारी खेलने का सिलसिला जारी रहेगा।

———बाइट———

वैभव की इस सफलता पर उनके पैतृक जिले समस्तीपुर में उत्सव का माहौल है। वैभव के कोच ब्रजेश झा ने कहा कि विश्वास है कि उनका शिष्य आगे भारतीय टीम के लिए भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगा।

———बाइट———

इधर, स्थानीय सांसद शांभवी चौधरी, विधायक अख्तरूल इस्लाम शाहीन, समेत अन्य गणमान्य लोगों ने वैभव और उनके परिवार को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

---

———कट———

बिहार में चार मई से शुरु हो रहे खेलो इंडिया, यूथ गेम्स की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। बिहार के पांच शहरों के साथ साथ दिल्ली में भी कई खेल स्पर्धाएं होंगी। यह आयोजन पटना, राजगीर, बेगूसराय, भागलपुर और गया में पंद्रह मई तक चलेगा। सुनते हैं हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

2025 के बिहार खेलो इंडिया, यूथ गेम्स में विभिन्न पारंपरिक और देशी खेलों को मिलाकर 28 प्रकार के विभिन्न खेलों के लिए 24 सौ से अधिक मेडल दांव पर होंगे। इसमें सात सौ नौ स्वर्ण पदक शामिल हैं। देश भर के विभिन्न राज्यों से खेलो इंडिया यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए साढे आठ हजार से खिलाड़ी बिहार पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक स्पर्धाएं पटना स्थित कंकडबाग के पाटलिपुत्र खेल परिसर और राजगीर स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्टस कांपलेक्स में आयोजित होंगी। फुटबाल की स्पर्धाओं को लेकर बेगूसराय में तैयारियां चल रही हैं। मुख्य आयोजक बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने सुचारु आयोजन को लेकर पाटलिपुत्र स्थित कंट्रोल एंड कमांड सेंटर स्थापित किया है। बिहार पहली बार इस बडे खेल आयोजन की मेजबानी करने जा रहा है। नेशनल गेम्स के बाद देश के इस बड़े आयोजन को लेकर देश में काफी उत्साह है। इधर, यूथ गेम्स को लेकर बिहार के सभी जिलों में गौरव मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार के खेलों का शुभंकर गजसिंह है। बिहार के गांव गांव, शहर शहर में खेलो इंडिया मशाल का आदर और सम्मान के भव्य स्वागत किया जा रहा है और लोग शुभंकर के साथ फोटो खिंचवाने के लिए काफी उत्साहित दिख रहे हैं। अभी तक मशाल यात्रा का आयोजन अड़तीस में से तीस जिलों में किया जा चुका है। धर्मेन्द्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार, पटना।

———कट———

---

शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की सुविधा के लिए ई–शिक्षा कोष पोर्टल पर शिकायत करने का विकल्प उपलब्ध कराया है। वहीं, उनकी समस्याओं के लिए विशेष तौर पर वेबसाइट को भी तैयार किया गया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा है कि प्रत्येक शनिवार को प्रखंड और जिला स्तर पर जनता दरबार लगाकर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जाये। विभाग द्वारा दी गयी सुविधाओं के आलोक में शिक्षक लंबित वेतन भुगतान, अवकाश, सेवा संबंधी शुद्धियां, पीएम पोषण योजना, सरकारी योजना से संबंधित मामले, अन्य विद्यालयों की शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा भ्रष्टाचार, यौन प्रताड़ना, शिक्षकों के विरुद्ध शिकायतें, स्थानांतरण संबंधी शिकायतें, आपात स्थिति की शिकायत भी दर्ज कराई जा सकती है और शिक्षक अपने सुझाव भी दे सकते हैं।

---

राज्य में होमगार्ड की बहाली के लिए विभिन्न जिलों में अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा कल से शुरू हो रही है। भोजपुर, मुंगेर सहित विभिन्न जिलों में इसे लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं।

---

दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर आज राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के पुनाईचक पार्क स्थित भामाशाह की प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद मौजूदा सुरक्षा हालात को लेकर उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

02. कांग्रेस ने पहलगाम आतंकी हमले की चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की।

03. प्रदेश में असामयिक बारिश और ओलावृष्टि के कारण कई जिलों में व्यापक फसल क्षति को लेकर कृषि विभाग ने जिलाधिकारियों को आकलन रिपोर्ट भेजने के दिए निर्देश।

04. और, समस्तीपुर के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी के आईपीएल में विस्फोटक पारी को लेकर खेल प्रेमियों सहित अलग–अलग क्षेत्रों से बधाइयों का सिलसिला जारी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।